## Section A / खण्ड क

Q.1. 'Per capita Income of a country does not reflect the real development of that country'. Do you agree? Give any one reason. 1

''किसी देश की प्रतिव्यक्ति आय उस देश के वास्तविक विकास को नहीं प्रदर्शित करती है।''क्या आप सहमत हैं ? कोई एक कारण लिखिए ?

Q.2.Who was Alluri Sitaram Raju? 1

अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे ?

OR/अथवा

I wrote the novel 'Anandmath'. Guess who am I ?

मैंनें 'आनंदमठ' उपन्यास लिखा। बताइए कि मैं कौन हूँ ?

Q.3.You want to use coal in your Factory. Which type of coal would be best suited for your Factory ? 1

आप अपनी फैक्ट्री में कोयले का इस्तेमाल करना चाहते हैं। कोयले का कौन सा प्रकार आप की फैक्ट्री के लिए सबसे उपयुक्त होगी ?

Q. 4.The southern and western Indian States are increasingly becoming the largest producers of Sugar? Give any one reason for this. 1

दक्षिणी एवं पश्चिमी भारतीय राज्य चीनी के बड़े उत्पादक बनते जा रहे हैं। इसके लिए कोई एक कारण लिखिए।

OR/अथवा

Why is the per capita consumption of steel so low in India?

भारत में इस्पात की प्रतिव्यक्ति खपत इतनी कम क्यों है ?

Q.5.Which organization publishes annual 'Human Development Report' ? 1

कौन सी संस्था वार्षिक 'मानव विकास रिर्पोर्ट' को प्रकाशित करती है ?

Q. 6. How does social division affect politics? 1

समाजिक विभाजन राजनीति को कैसे प्रभावित करते हैं ?

Q.7. Why was the cotton textile industry concentrated in the Indian States of Maharashtra and Gujarat? 1

सूती वस्त्र उद्योग भारतीय राज्यों–महाराष्ट्र और गुजरात में क्यों केन्द्रित थे ?

## Section B / खण्ड ख

Q. 8.Compare the employment conditions prevailing in the organized Sector and unorganized Sector? 3

संगठित क्षेत्र और असंगठित क्षेत्र में उपस्थित रोजगार की परिस्थितियों की तुलना कीजिए ?

OR/अथवा

Differentiate between Public sector and Private Sector.

निजी क्षेत्रक और सार्वजनिक क्षेत्रक के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए ?

Q.9. Does caste play an important role in Indian politics? Explain with suitable arguments. 3

क्या भारतीय राजनीति में जाति एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ? उपयुक्त तर्कों के द्वारा स्पष्ट कीजिए ?

Q.10. What are the important challenges before political parties in India? 3

भारत में राजनैतिक दलों के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं ?

OR/अथवा

Suggests some ways to bring reforms in the functioning of political Parties in India?

भारत में राजनैतिक दलों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के कुछ उपाय सुझाइए ?

Q.11. "Democracy accommodates social diversities." Do you agree ? Support the statement with examples. 3

" लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं का सामंजस्य करता है।''क्या आप सहमत हैं ? कथन की उदाहरणों के द्वारा पुष्टि कीजिए ?

Q.12. 'The availability of resources is a necessary condition for the development of any region but mere availability of resources does not ensure development of that region'. Comment. 3

''किसी क्षेत्र के विकास के लिए संसाधनों की उपलब्धता एक आवश्यक शर्त है, किन्तु केवल संसाधनों की उपलब्धता उस क्षेत्र के विकास को सुरक्षित नहीं करती।'' टिप्पणी कीजिए ?

Q.13. Why are multi-purpose river-valley projects and large dams opposed in recent years in India? 3

भारत में हाल के वर्षों में बहुउद्धेशीय नदी घाटी परियोजनाओं और बड़े बाँधों का विरोध क्यों किया गया है ?

OR/अथवा

Give an account of rain water harvesting system presently prevalent in India.

भारत में वर्तमान में प्रचलित वर्षा जल संग्रहण व्यवस्था का विवरण दीजिए।

Q.14. A Crop is called as 'golden fibre'. Mention this crop and write any two geographical conditions essential for the cultivation of this crop. 3

एक फसल जिसे 'सुनहरा रेशा' कहते हैं। इस फसल का नाम लिखिए तथा इस फसल के उत्पादन के लिए आवश्यक कोई दो भौगोलिक स्थितियों को बताइए।

Q.15. "Napoleon had destroyed democracy in France but in the administrative field he had incorporated revolutionary principles in order to make the whole system more rational and efficient." Analyze the statement with arguments. 3

'' नेपोलियन ने फ्रांस में लोकतंत्र को नष्ट कर दिया किन्तु प्रशासनिक क्षेत्र में सम्पूर्ण व्यवस्था को और अधिक व्यावहारिक एवं दक्ष बनाने हेतु उसके द्वारा क्रांतिकारी सिद्धांत अपनाये गए।'' तर्कों सहित कथन का विश्लेषण कीजिए ?

OR/अथवा

"The peace negotiations in Geneva followed the division of Vietnam that set in motion a series of events that turned Vietnam into a battlefield." Analyze the statement with arguments.

''जिनेवा के शांति वार्ताओं ने वियतनाम के विभाजन और उसके कारण वियतनाम को एक युद्ध स्थल में बदलने के घटना क्रम को जन्म दिया।'' तर्कों सहित कथन का विश्लेषण कीजिए।

Q.16. How Giuseppe Mazzini promoted the idea of unification of Italy ? 3

ज्यूसेपी मेत्सिनी ने इटली के एकीकरण के विचार को कैसे बढ़ावा दिया ?

OR/अथवा

What was the importance of Ho- Chi Minh trail in the nationalist movement of Vietnaam?

वियतनाम के राष्ट्रीय आंदोलन में हो–चि–मिन्ह भूल भुलैया मार्ग का क्या महत्त्व था ?

Q.17. What were the reasons of the Great Depression of 1929-32? 3

1929-32 के महान आर्थिक महामंदी के क्या कारण थे ?

OR/अथवा

What were the impacts of British policies on Cotton Weavers in India?

भारत में सूती वस्त्र बुनकरों पर ब्रिटिश नीतियों के क्या प्रभाव पड़े ?

OR/अथवा

Why is Bombay (Mumbai) called a 'city of dreams' for some while 'city of hardships' for others?

बम्बई (मुम्बई) कुछ लोगों के लिए 'सपनों का शहर' और कुछ अन्य के लिए कठिनाइयों का शहर क्यों कहा जाता है ?

Q.18. "Printing technology gave women a chance to share their feelings with the outside world." Support this statement with suitable examples. 3

'' मुद्रण तकनीक ने औरतों को अपनी भावनाओं को बाहरी दुनिया के साथ साझा करने का एक अवसर दिया।'' उचित उदाहरणों के साथ इस वाक्य का समर्थन कीजिए।

OR/अथवा

How were novels in colonial India useful for both the Britishers as well as the Indian nationalist?
औपनिवेशिक भारत में उपन्यास–अंग्रेजों और भारतीय राष्ट्रवादियों–दोनों के लिए किस प्रकार उपयोगी थे ?

## Section C / खण्ड़ ग

Q.19. Why is it necessary to expand the formal sources of credit in the rural area? 5
ग्रामीण क्षेत्र में ऋण के औपचारिक स्रोतों के प्रसार की आवश्यकता क्यों है ?

OR/अथवा

How are Self Help Groups (SHGs) helpful in providing financial resources to the poor.
निर्धनों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने में स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) कैसे सहायक हैं ?

Q.20. How can the globalization be made fairer? Explain. 5
वैश्वीकरण को अधिक न्यायसंगत कैसे बनाया जा सकता है। वर्णन कीजिए ?

Q.21. Do you agree with the view that the consumer protection Act 1986 provides sufficient protection to consumers from exploitation in the market place? Support your answer with suitable arguments. 5
क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 उपभोक्ताओं को बाजार में शोषण से पर्याप्त संरक्षण प्रदान करता है। अपने उत्तर के समर्थन में उपयुक्त तर्क दीजिए।

Q. 22 Explain the role of Ports and Airways in the Indian economy. 5
भारतीय अर्थव्यवस्था में समुद्री पत्तनों और वायु परिवहन की भूमिका का वर्णन कीजिए ?

Q.23 Briefly explain the participation of different social groups in the Non-cooperation movement. 5
असहयोग आंदोलन में विभिन्न सामाजिक समूहों की भागीदारी का संक्षेप में वर्णन कीजिए ?

OR/अथवा

Not all social groups were moved by the abstracts concept of 'Swaraj'. Support the statement in the light of Civil Disobedience Movement of 1930s.
सभी सामाजिक समूह 'स्वराज' के अमूर्त विचार से प्रभावित नहीं थे। 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन के आलोक में इस कथन का समर्थन कीजिए।

Q.24. Why do you think that the Constitution of India envisages a full fledged federal structure in the country? Support your answer in the light of constitutional provisions. 5
आपके विचार में भारत का संविधान देश में एक पूर्ण संघीय ढ़ाँचे की परिकल्पना कैसे करता है ? संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

Q.25.Why is Power Sharing desirable? Explain any three forms of power sharing in modern democracies with examples. 5
सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? आधुनिक लोकतंत्रों में सत्ता की साझेदारी के तीन रूपों का उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए।

## Section D / खण्ड घ

26.A Three places A, B and C are marked on the outline political map of India, identify these places with the help of following information and write their correct names on the lines marked near them: (Attempt any Two) 1×6=6

a. The place where Mahatma Gandhi started Satyagrah for Peasants.
b. The place where Mahatma Gandhi started Civil Disobedience Movement.
c. The place where congress session held in 1927.

दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में तीन स्थान A,B और C दिखाए गए हैं। नीचे दी गई सूचना के आधार पर इन स्थानों की पहचान कीजिए और इनके सही नाम इनके पास खींची गई रेखा पर लिखिए।(कोई दो कीजिए)

a) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने किसानों के लिए सत्याग्रह प्रारंभ किया।

b) वह स्थान जहाँ से महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ किया।

c) वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

26.B Locate and label **ANY THREE** of the following with appropriate symbols on the same given political map of India.

i. Rawat Bhata Nuclear Power Plant.
ii. Mysuru (Mysore) Software Technology Parks.
iii. Raurkela Iron and Steel Plants
iv. Jawahar Lal Nehru Port
v. Meenam Bakkam International Airport

इसी दिए गए भारत के राजनीतिक मानचित्र में नीचे दिए गए स्थानों में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिन्हों की मदद से दिखाइए और नाम लिखिए।

(1) रावत भाटा परमाणु उर्जा केन्द्र
(2) मैसूरू(मैसूर) सॉफ्टवेयर टैक्नोलॉजी पार्क
(3) राउरकेला लौह और इस्पात केन्द्र
(4) जवाहर लाल नेहरू पत्तन
(5) मीनाम्बकम अंर्तराष्ट्रीय हवाई अडडा

These questions are only for **visually impaired** students in lieu of question no.26 (A) and (B). Attempt any five only.

(i) In which state of India Rawat Bhata Nuclear Plant is situated ?
(ii) In which state of India Mysuru (Mysore) software park is situated ?
(iii) In which state of India Rourkela Iron and Steel Plant is situated ?
(iv) In which state of India Jawahar Lal Nehru Port is situated ?
(v) In which state of India Meenambkam International Airport is situated ?
(vi) From which Place of Bihar Mahatma Gandhi started Satyagrah ?
(vii) In 1927 at which place of India the Congress Session was held ?
(viii) From which place of India Mahatma Gandhi started Civil Disobidence Movement ?

निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 ( A ) और 26( B ) के स्थान पर हैं। केवल किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए।

(1) भारत के किस राज्य में रावतभाटा परमाणु उर्जा केन्द्र स्थित है ?
(2) भारत के किस राज्य में मैसूरू सॉफ्टवेयर टैक्नॉलोजी पार्क स्थित है ?
(3) भारत के किस राज्य में राउरकेला लौह–इस्पात केन्द्र स्थित है ?
(4) भारत के किस राज्य में जवाहर लाल नेहरू पत्तन स्थित है ?
(5) भारत के किस राज्य में मीनाम्बकम अंर्तराष्ट्रीय हवाई अडडा स्थित है ?
(6) बिहार के किस स्थान से महात्मा गाँधी ने सत्याग्रह आरंभ किया ?
(7) सन 1927 में भारत के किस स्थान पर काँग्रेस का अधिवेशन हुआ ?
(8) भारत के किस स्थान से महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ किया ?